राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 8 को

55 संस्कृत प्रतिभाओं का होगा सम्मान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा की ओर से राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह केन्द्रीय संस्कृत विष्वविद्यालय त्रिवेणी नगर, जयपुर में 8 मार्च को प्रातः 11.30 बजे भीलवाड़ा के निंबार्क आश्रम महन्त मोहनशरण जी शास्त्री के आशीर्वाद से होगा। डॉ. कृष्णकान्त पाठक प्रमुख शासन सचिव, कार्मिक विभाग मुख्य अतिथि होंगे। शासन सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग राजस्थान विश्राम मीणा अध्यक्षता करेंगे। अतिरिक्त आयुक्त जे.डी.ए. राजेन्द्र सिंह कविया, पूर्व शासन सचिव संस्कृत शिक्षा विभाग डॉ.मोहन लाल यादव, उदयपुर आरटीओ ज्ञानदेव विश्वकर्मा, आयुक्त संस्कृत शिक्षा विभाग प्रियंका जोधावत, आईएएस मातादीन शर्मा, प्रान्तीय अध्यक्ष संस्कृत भारती जयपुर, हरिशंकर भारद्वाज, अतिरिक्त जिला कलक्टर केकड़ी चन्द्रशेखर भण्डारी, निदेशक केन्द्रीय संस्कृत विश्व विद्यालय डॉ. सुदेष कुमार शर्मा, उपखण्ड अधिकारी कनवास, कोटा रामावतार बरनाला, पूर्व सभापति नगर परिषद भीलवाड़ा विश्वास जांगिड़, उपशासन सचिव, शान्ति व अहिंसा विभाग विनोद कुमार जांगिड़ अतिथि होंगे। समिति के प्रान्तीय संयोजक डॉ. केजी जांगिड़ ने बताया कि समारोह में राज्य स्तर पर 5 निम्बार्क वैदिक संस्कृत रत्न सम्मान दिये जायेंगे। इस सम्मान से सुप्रीम फाउण्डेशन जसवन्तगढ़ नागौर के मुख्य न्यासी सेठ बजरंग लाल तापड़िया, समाजसेवी गोपाल राठी, निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति टोंक मण्डल डिग्गी के जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश शर्मा, समिति के ब्यावर मण्डल जिला अध्यक्ष बद्रीप्रसाद शर्मा एवं राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय के प्राध्यापक नरेन्द्र महर्षि को सम्मानित किया जायेगा। संस्कृत वाड्मय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता व कार्यक्रम के सहसंयोजक वीरेन्द्र कुमार जांगिड़ ने बताया कि प्रदेश स्तर पर 55 संस्कृत प्रतिभाएं भी सम्मानित होगी जिनमें भीलवाड़ा जिले से साहित्यरत्न डॉ.कमलाकान्त शर्मा, उद्योगपति रामगोपाल सीलक, प्रधानाचार्य कैलाशचन्द्र सुथार, रामस्नेही वरि. उपा. संस्कृत विद्यालय शाहपुरा के प्रधानाचार्य परमेश्वर सुथार, अध्यापक राधेश्याम मुण्डेल आदि सम्मानित होंगे। साथ ही संस्कृत वाड्मय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में राज्यस्तर पर सम्पूर्ण राजस्थान से कनिष्ठ वर्ग, वरिष्ठ वर्ग के 146 छात्र - छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा।